भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1397**
जिसका उत्तर 31 जुलाई, 2024 को दिया जाना है ।
9 श्रावण, 1946 (शक)

**पीएमजीडीआईएसएचए**

**1397. श्री संजय दीना पाटिलः**
**प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ः**
**श्री भास्कर मुरलीधर भगरेः**
**श्री धैर्यशील राजसिंह मोहिते पाटीलः**
**श्री निलेश ज्ञानदेव लंकेः**
**श्री नागेश बापुराव अष्टिकर पाटिलः**
**श्रीमती सुप्रिया सुलेः**
**डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हेः**
**श्री बजरंग मनोहर सोनवणेः**

क्या **इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को महाराष्ट्र में विगत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष प्रधान मंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (पीएम) के अंतर्गत प्रशिक्षित और प्रमाणित प्रतिभागियों की जानकारी है;

(ख) महाराष्ट्र में पीएमजीडीआईएसएचए के अंतर्गत शामिल किए गए पिछड़े/अति पिछड़े वर्गों/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के ग्रामीण परिवारों की जिला-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या इस अभियान को महाराष्ट्र के कोने-कोने तक ले जाने के लिए कोई योजना बनाई गई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(च) क्या सरकार ने पीएमजीडीआईएसएचए के जमीनी कार्यकरण के संबंध में कोई अध्ययन कराया है;

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ज) पीएमजीडीआईएसएचए के अंतर्गत प्रशिक्षण की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय और मानक किए गए हैं;

(झ) क्या उपरोक्त योजनाओं का कोई प्रभाव मूल्यांकन किया गया है; और

(ञ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद)**

(क) से (ञ): भारत सरकार ने ग्रामीण भारत में डिजिटल साक्षरता (प्रति परिवार एक व्यक्ति) की पहल शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (पीएमजीदिशा) नामक एक योजना कार्यान्वित की है। 31 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार इसमें लगभग 7.35 करोड़ अभ्यर्थियों को नामांकित किया गया और 6.39 करोड़ को प्रशिक्षित किया गया था, जिनमें से 4.78 करोड़ अभ्यर्थियों को पीएमजीदिशा योजना के तहत प्रमाणित किया गया था।

महाराष्ट्र राज्य में ग्रामीण परिवारों से 61.23 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को नामांकित किया गया है, 53.23 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया है और 38.53 लाख अभ्यर्थियों को विधिवत प्रमाणित किया गया है। महाराष्ट्र राज्य में पिछले तीन वर्षों की उपलब्धियां नीचे दी गई हैं:

| वर्ष | पंजीकृत | प्रशिक्षित | प्रमाणित |
|---|---|---|---|
| 2021-22 | 11,39,613 | 9,99,047 | 6,98,155 |
| 2022-23 | 16,57,956 | 15,10,186 | 11,45,536 |
| 2023-24 | 4,57,058 | 4,26,845 | 3,40,380 |

महाराष्ट्र में पीएमजीदिशा के अंतर्गत शामिल किए गए पिछड़े/अति पिछड़े वर्गों/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के ग्रामीण परिवारों का जिला-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

पीएमजीदिशा योजना का मूल्यांकन तीन एजेंसियों अर्थात आईआईटी दिल्ली, सामाजिक विकास परिषद (सीएसडी) और भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) द्वारा किया गया था। पीएमजीदिशा योजना का अंतिम प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) द्वारा किया गया था। पीएमजीदिशा योजना की आईआईपीए प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष **अनुबंध- II** में दिए गए हैं।

पीएमजीदिशा योजना के तहत प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपाय निम्नानुसार हैं:

- योजना कार्यान्वयन एजेंसी की केंद्रीय और राज्य स्तरीय टीमों द्वारा मंत्रालय की देख रेख में योजना के कार्यान्वयन कार्यों की निरंतर रूप से समीक्षा की गई।
- 22 भाषाओं में मानकीकृत मल्टीमीडिया सामग्री की उपलब्धता सभी अभ्यर्थियों को मल्टीमॉडल प्रारूप में सुलभ कराई गई ।
- प्रशिक्षकों का चयन विनिर्धारित योग्यता के आधार पर किया गया ।
- प्रशिक्षण केन्द्रों/सीएससी में अपेक्षित/निर्धारित आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी।

*******

अनुबंध- I

## पीएमजीदिशा योजना के तहत महाराष्ट्र राज्य के पिछड़े/अति पिछड़े वर्गों/ अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के ग्रामीण परिवारों का जिलावार विवरण

| क्र.सं. | जिला | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | अनुसूचित जाति | | | अनुसूचित जनजाति | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पंजीकृत | प्रशिक्षित | प्रमाणित | पंजीकृत | प्रशिक्षित | प्रमाणित | पंजीकृत | प्रशिक्षित | प्रमाणित |
| 1 | अहमदनगर | 76,724 | 69,409 | 52,164 | 34,493 | 30,933 | 23,023 | 13,597 | 12,184 | 9,918 |
| 2 | अकोला | 40,395 | 33,409 | 25,693 | 21,328 | 17,518 | 12,544 | 6,457 | 5,338 | 4,065 |
| 3 | अमरावती | 90,162 | 79,603 | 61,754 | 31,655 | 27,625 | 20,905 | 37,983 | 33,148 | 25,217 |
| 4 | औरंगाबाद | 38,490 | 33,427 | 21,566 | 23,458 | 20,147 | 12,651 | 6,975 | 6,018 | 4,132 |
| 5 | बीड | 60,011 | 51,561 | 37,957 | 19,099 | 16,243 | 11,410 | 3,528 | 2,941 | 2,068 |
| 6 | भंडारा | 1,03,690 | 92,635 | 76,934 | 30,989 | 28,506 | 24,410 | 15,366 | 14,032 | 11,418 |
| 7 | बुलढाणा | 92,488 | 78,014 | 50,760 | 33,175 | 28,099 | 18,360 | 10,698 | 9,670 | 6,975 |
| 8 | चंद्रपुर | 1,32,742 | 1,18,211 | 93,355 | 29,089 | 25,731 | 19,747 | 53,227 | 48,573 | 37,529 |
| 9 | धुळे | 35,552 | 28,698 | 20,913 | 5,276 | 4,170 | 3,002 | 33,960 | 29,891 | 20,891 |
| 10 | गढ़चिरौली | 53,835 | 49,139 | 36,461 | 13,680 | 12,075 | 8,687 | 45,439 | 41,573 | 29,018 |
| 11 | गोंदिया | 1,08,633 | 94,022 | 72,148 | 21,553 | 18,733 | 14,211 | 28,625 | 24,967 | 18,736 |
| 12 | हिंगोली | 25,016 | 20,612 | 14,207 | 16,123 | 12,809 | 8,497 | 6,327 | 4,490 | 2,904 |
| 13 | जलगांव | 93,569 | 79,236 | 54,664 | 16,220 | 13,609 | 9,295 | 23,200 | 21,044 | 14,063 |
| 14 | जालना | 33,809 | 28,548 | 18,321 | 16,851 | 14,214 | 9,305 | 3,536 | 2,882 | 1,803 |
| 15 | कोल्हापुर | 27,450 | 24,021 | 18,755 | 18,814 | 15,988 | 11,937 | 1,228 | 1,035 | 696 |
| 16 | लातूर | 23,841 | 19,218 | 13,946 | 16,159 | 12,505 | 8,915 | 2,434 | 1,808 | 1,237 |
| 17 | मुंबई | 181 | 180 | 124 | 15 | 15 | 9 | 1 | 1 | 1 |
| 18 | मुंबई उपनगरी | 14 | 3 | - | 16 | 4 | - | 5 | 1 | 1 |
| 19 | नागपुर | 1,15,760 | 1,00,699 | 83,403 | 34,918 | 30,106 | 24,484 | 29,925 | 25,032 | 20,635 |
| 20 | नांदेड़ | 42,046 | 34,767 | 23,330 | 22,014 | 16,882 | 11,446 | 15,207 | 12,786 | 8,934 |
| 21 | नंदुरबार | 12,651 | 11,184 | 8,502 | 4,687 | 4,200 | 3,359 | 85,357 | 75,430 | 57,608 |
| 22 | नाशिक | 80,514 | 71,220 | 51,948 | 30,881 | 28,058 | 20,161 | 81,806 | 73,371 | 49,859 |
| 23 | उस्मानाबाद | 26,882 | 22,520 | 14,747 | 10,886 | 8,914 | 5,688 | 1,885 | 1,559 | 1,042 |
| 24 | पालघर | 26,030 | 23,481 | 17,347 | 5,269 | 4,822 | 3,481 | 35,059 | 28,118 | 19,756 |
| 25 | परभणी | 35,560 | 29,825 | 19,732 | 15,840 | 13,305 | 8,602 | 3,427 | 2,864 | 1,936 |
| 26 | पुणे | 57,658 | 52,654 | 38,222 | 24,670 | 22,373 | 16,445 | 8,453 | 7,636 | 5,319 |
| 27 | रायगढ़ | 79,611 | 71,454 | 52,650 | 30,620 | 27,603 | 19,286 | 8,023 | 7,263 | 5,363 |
| 28 | रत्नागिरी | 70,705 | 61,976 | 42,071 | 21,856 | 19,478 | 13,829 | 4,278 | 3,894 | 2,413 |
| 29 | सांगली | 24,416 | 21,057 | 14,970 | 11,336 | 9,330 | 6,424 | 1,643 | 1,524 | 1,111 |
| 30 | सतारा | 43,633 | 37,409 | 26,989 | 16,194 | 14,045 | 9,951 | 4,262 | 3,814 | 2,573 |
| 31 | सिंधुदुर्ग | 17,674 | 15,564 | 10,910 | 5,289 | 4,567 | 2,740 | 2,964 | 2,776 | 1,974 |
| 32 | सोलापुर | 35,193 | 27,482 | 18,901 | 15,913 | 12,133 | 8,163 | 1,871 | 1,289 | 858 |
| 33 | ठाणे | 34,894 | 31,430 | 24,146 | 11,053 | 9,492 | 7,233 | 11,415 | 10,105 | 7,224 |
| 34 | वर्धा | 89,476 | 83,865 | 68,311 | 19,382 | 18,105 | 14,324 | 22,008 | 20,944 | 16,775 |
| 35 | वाशिम | 53,653 | 44,127 | 31,321 | 19,228 | 15,474 | 11,043 | 6,533 | 5,471 | 3,929 |
| 36 | यवतमाल | 1,01,509 | 90,019 | 69,894 | 23,057 | 19,802 | 14,241 | 44,425 | 40,008 | 31,073 |
| | **कुल** | **19,84,467** | **17,30,679** | **12,87,116** | **6,71,086** | **5,77,613** | **4,17,808** | **6,61,127** | **5,83,480** | **4,29,054** |

********

**पीएमजीदिशा योजना**: आईआईपीए प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष नीचे दिए गए हैं:

- काफी व्यापक स्तरीय होने व इसमें रिमोर्ट प्रोक्टरिंग परीक्षा सुविधा के प्रयोग के कारण पीएमजीदिशा योजना एक अनूठी योजना है।
- एससीएसपी के लिए 18%, टीएसपी के लिए 12% और एनईआर के लिए 11% फंड के उपयोग के कारण कमजोर वर्गों का सशक्तिकरण हुआ है।
- इसमें महिलाओं की भागीदारी बहुत बड़ी है और ग्रामीण स्तर पर उनके शामिल होने से पूरे परिवार को सीखने का मौका मिलेगा।
- 55% से अधिक उत्तरदाताओं ने बताया है कि पीएमजीदिशा प्रशिक्षण के बाद उन्हे अपनी आजीविका के संबंध में प्रत्यक्ष रूप से लाभ हुआ है।
- लगभग 50% उत्तरदाताओं ने कहा कि पीएमजीदिशा ने उन्हें बेहतर नौकरी पाने में मदद की।
- पीएमजीदिशा प्रशिक्षण का आईसीटी और डिजिटल मीडिया के अन्य रूपों के उपयोग पर एक बड़ा प्रभाव पड़ा है।
- व्यापक स्तर पर उपलब्ध सूचना केद्रों और बहुप्रयोजनों के लिए उनकी सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित कराने के कारण लाभार्थियों को काफी मदद मिली है। इनसे देश में समग्र डिजिटल असमानता को कम करने में भी सहायता मिली है।

********